## एक नजर में

### सुदामा चरित्र व दत्तात्रेय के 24 गुरुओं की महिमा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



**ग्वालियर 8 जून.** श्री दादाजी धाम मंदिर में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का सुदामा चरित्र और भगवान दत्तात्रेय के 24 गुरुओं के प्रसंग के साथ भावपूर्ण समापन हो गया। विराम दिवस पर कथा व्यास जगद्गुरु स्वामी रामेश्वरानंद ने श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान को भौतिक वैभव नहीं, बल्कि भक्त का निष्काम प्रेम और समर्पण प्रिय है। सुदामा जी का चरित्र संतोष, विनम्रता और अटूट विश्वास का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने अभावों में भी कभी भगवान से कुछ नहीं मांगा, लेकिन श्रीकृष्ण ने उनके निष्काम प्रेम के बदले उनकी दरिद्रता दूर कर दिव्य महल प्रदान कर दिया। कथा के मुख्य यजमान राधाकृष्ण कारड़ा, संगीता कारड़ा, संदीप व श्याम कारड़ा महाआरती की। इस अवसर पर मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के महन्त कृष्णा दुबे, जीडीए अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शिवहरे, जयप्रकाश राजौरिया और विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। आरती के बाद विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया।

### शिव महिमा सुन भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु



ग्वालियर। कंपू क्षेत्र के त्रिवेणी चौक (पान पत्ते की गोठ) में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पंडित घनश्याम शास्त्री ने भगवान शिव को आदि-अनादि बताते हुए शिव तत्व, सृष्टि की उत्पत्ति और शिवलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से शिव का स्मरण करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कथा के समापन पर दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, मंडल अध्यक्ष अमर कूटे, विनोद सिंह तोमर, नरसिंह सिकरवार, कमला भदोरिया, अभय राज भदोरिया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### जीडीए उपाध्यक्ष गुप्ता ने भोपाल के विकास कार्यों को देखा

ग्वालियर। ग्वालियर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने आज भोपाल विकास प्राधिकरण के ऑफिस में भोपाल प्राधिकरण के प्रशासनिक अधिकारी, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर एवं अन्य अधिकारियों से भोपाल में किए गए विकास कार्य एवं आगामी प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर भोपाल प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा भोपाल विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों का ब्रोशर एवं भोपाल विकास प्राधिकरण के बजट की प्रति सुधीर गुप्ता को भेंट की गई।

### वर्षा पूर्व नालों की सफाई अभियान जारी



ग्वालियर 08 जून। नगर निगम द्वारा बारिश से पूर्व नाला सफाई का कार्य किया जा रहा है । जिन स्थानों पर छोटे नाले हैं, वहां पर मैनुअली सफाई की जा रही है, जबकि बडे नालों की जेसीबी एवं हिताची के माध्यम से सफाई की जा रही है। नाला सफाई के दौरान निकलने वाली गंदगी को तत्काल उठाया जा रहा है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नालों की सफाई का कार्य तेज गति के साथ किया जा रहा है।

### निगम परिषद की बैठक आज

ग्वालियर 08 जून। नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन का आयोजन मंगलवार 9 जून को दोपहर 03 बजे से सभापति मनोज तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित किया जाएगा।

### सिंधिया के केंद्रीय मंत्री के रूप में दो वर्ष पूर्ण होने पर अशोक शर्मा ने बताईं उपलब्धियां





ग्वालियर। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के केंद्रीय मंत्री के रूप में सफल उपलब्धिपूर्ण दो वर्ष पूरे होने पर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल में हुए कई बड़े विकास कार्य सिंधिया के प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड रोड, चंबल से पानी लाने की योजना, ग्रीन कॉरिडोर, वेस्टर्न बाईपास, अत्याधुनिक हवाई अड्डा, 1000 बिस्तरों वाला अस्पताल और ग्वालियर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाले साबित हुए हैं। अशोक शर्मा ने कहा कि सिंधिया के नेतृत्व में ग्वालियर राष्ट्रीय विकास मानचित्र पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। शर्मा ने कहा कि सिंधिया ग्वालियर चंबल क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हैं। उनके प्रयासों से ग्वालियर को विकास की कई अभूतपूर्व सौगातें मिली हैं। उन्होंने बताया कि देश की आजादी के वक्त ग्वालियर मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा शहर था, आधुनिक जनसुविधाओं, इन्फ्रास्ट्रक्चर और आबादी के हिसाब से ग्वालियर मप्र का इस कदर नम्बर वन शहर था कि हमारे शहर को 1956 में नए मप्र की राजधानी बनाने पर गंभीरता से विचार हुआ था, सिंधिया ग्वालियर के इसी वैभव को वापस लौटाने के लिए प्रयत्नशील हैं।

### साझेदारी के विवाद में मारी थी गोली, दो गिरफ्तार

ग्वालियर 8 जून। व्यापार में साझेदारी के विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दो शातिर इनामी बदमाशों को बहोड़ापुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह द्वारा 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल और सीएसपी कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में बहोड़ापुर थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी पुरानी छावनी क्षेत्र में कहीं भागने की फिराक में खड़े हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर अटल द्वार (तिघरा रोड) के पास से दोनों आरोपियों प्रियांशु दुबे उर्फ छोटू (निवासी: कोटेश्वर कॉलोनी, ग्वालियर) चेतन पंडित उर्फ अभय पाण्डेय (निवासी: सदर) को दबोच लिया। बीती 31 मई को आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर फरियादी विक्की यादव (26) का जबरन कार से अपहरण किया था। आरोपी उसे सिटी सेंटर ले गए और वहां व्यापार में साझेदारी करने का दबाव बनाया। विक्की के मना करने पर मुख्य आरोपी सतेन्द्र उर्फ छोटू कमरिया ने पिस्टल से जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जो फरियादी के पैर में लगी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बीएनएस, एमपीडीपीके एक्ट और आर्म्स एक्ट की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मां-बेटे की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जून.** शासन-प्रशासन की तमाम मुस्तैदी और दावों के बावजूद हाईवे पर 'हिट एंड रन' के मामलों में कमी नहीं आ रही है। ताजा मामला डबरा सिटी थाना क्षेत्र

- राधास्वामी आश्रम के पास की घटना, आरोपी चालक
- ट्रक छोड़कर फरार, पहचान पत्र से हुई शिनाख्त



का है, जहां सोमवार सुबह सिमरिया टेकरी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार मां-बेट को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दंपति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर भागने में सफल रहा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डबरा सिटी थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**शिनाख्त के बाद परिजनों को दी सूचना-** प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 11 बजे मां-बेट मोटरसाइकिल से डबरा सिटी थाना क्षेत्र के सिमरिया टेकरी स्थित राधास्वामी आश्रम के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब मृतकों की तलाशी ली, तो महिला के पास मिले पहचान पत्र के आधार पर उनकी शिनाख्त भगवती नामदेव और उनके बेटे राकेश नामदेव, निवासी दतिया के रूप में हुई। पुलिस ने तत्काल दतिया में उनके परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद रोते-बिलखते परिजन डबरा पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रक को जब्त कर लिया है। स्थानीय निवासियों और रिकॉर्ड के मुताबिक, डबरा सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सिमरिया टेकरी अब एक खतरनाक 'ब्लैक स्पॉट' में तब्दील हो चुकी है। इस मार्ग पर आए दिन होने वाले हादसों में कई मासूम लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हालांकि पुलिस और जिला प्रशासन इस संवेदनशील पॉइंट से वाकिफ हैं और पूर्व में यहां दुर्घटनाएं रोकने के लिए कुछ प्रयास भी किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) और पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# सीएनजी पंप पर ट्रक खड़ा कर ट्रक चालक लापता

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 8 जून.** जनकगंज थाना क्षेत्र के माधव नगर निवासी एक ट्रक चालक झांसी में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। चालक विक्की उर्फ वीरेंद्र जाटव (34) ग्वालियर के ही कल्लू पाठक का आयशर ट्रक चलाता है। वह बीती 28 मई को रायपुर से माल लोड कर ग्वालियर के लिए निकला था। 4 जून की सुबह उसने झांसी के बजरंग नगर स्थित एक सीएनजी पंप पर गाड़ी खड़ी की और कर्मचारियों से फ्रेश होने की बात कहकर निकला, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं है। वीरेंद्र की आखरी बार बात 4 जून की सुबह 11 बजे ट्रक मालिक से हुई थी, जिसके बाद से उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ है। शाम तक ग्वालियर न पहुंचने पर मालिक ने जीपीएस से लोकेशन ट्रैक की, तो गाड़ी झांसी के पंप पर मिली। मालिक झांसी से अपना ट्रक वापस ले आया है। लापता चालक के परिजनों का आरोप है कि जब वे गुमशुदगी दर्ज कराने जनकगंज थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें झांसी जाकर शिकायत करने की बात कहकर टाल दिया। स्थानीय पुलिस से मदद न मिलने पर वीरेंद्र की बुजुर्ग मां आशाबाई जाटव ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस कप्तान से बेटे की सुरक्षित तलाश करने की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# ऑटो में छूटा गहनों और नकदी से भरा बैग ढूंढकर फरियादी को लौटाया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जून.** मनोज कुमार बंसल अपनी पत्नी के साथ गूजरी महल और ग्वालियर किला घूमने आए थे। ऑटो से उतरते समय उनकी पत्नी जल्दबाजी में अपना बैग ऑटो में ही भूल गईं। बैग में 16,000 रूपये नगद, सोने के दो कान के लटकन, एक मंगलसूत्र का पेंडल और कपड़े थे। काफी तलाश के बाद भी जब ऑटो नहीं मिला, तो उन्होंने थाना ग्वालियर में सूचना दर्ज कराई।

थाना प्रभारी प्रशांत शर्मा की टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कड़े प्रयासों और तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने 7 जून को संबंधित ऑटो को ढूंढ निकाला।



पूछताछ में ऑटो चालक ने बताया कि बैग उसके पास सुरक्षित है। पुलिस ने चालक से बैग प्राप्त कर उसमें रखी पूरी नकदी और जेवरात यथावत बरामद किए। इसके बाद पुलिस ने फरियादी के ससुर डॉ. कैलाश नारायण जैन को थाने बुलाकर कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बैग उन्हें सौंप दिया।

अपना खोया हुआ कीमती सामान वापस पाकर पीड़ित परिवार ने ग्वालियर पुलिस का आभार जताया है।

# स्पा सेंटरों पर पुलिस का छापा, मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जून.** शहर के पॉश इलाकों में चल रहे स्पा सेंटरों के खिलाफ महिला सुरक्षा शाखा (विमेन सेफ्टी विंग) ने रविवार रात बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया।

- रिकॉर्ड अधूरे मिलने पर संचालकों को सख्त चेतावनी



एएसपी अनु बेनीवाल के निर्देश पर डीएसपी शिखा सोनी और महिला टीआई दीप्ति तोमर की टीम ने 'द बीच सेंटर' और 'द हीलिंग स्पा सेंटर' पर अचानक छापेमारी की। पुलिस की अचानक दस्तक से स्पा सेंटरों में अफरा-तफरी मच गई। एक सेंटर में काम करने वाली युवतियां डर के मारे किचन में जा छिपीं, जिन्हें महिला पुलिसकर्मियों ने बाहर निकाला और पूछताछ की। मिलीं भारी अनियमितताएं: जांच के दौरान सेंटरों पर ग्राहकों के एंट्री रजिस्टर अधूरे मिले। आने-जाने वालों के नाम, मोबाइल नंबर और आईडी कार्ड का कोई सही रिकॉर्ड नहीं रखा गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और उनके एंगल की भी बारीकी से जांच की।

**सील और एफआईआर की चेतावनी**

पुलिस ने स्पा संचालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए अंतिम चेतावनी दी है। अधिकारियों ने साफ किया है कि स्पा सेंटर सिर्फ निर्धारित थेरेपी के लिए हैं; यदि यहाँ कोई भी अनैतिक या संदिग्ध गतिविधि पाई गई, तो सीधे सेंटर सील कर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# लापरवाही : बीच सड़क पर काटकर डाल दिए पेड़, वाहन चालक हो रहे परेशान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जून.** शहर की प्रमुख सड़कों के किनारे खड़े पेड़ों की छंटाई और कटाई का काम प्रशासन द्वारा समय-समय पर कराया जाता है, ताकि यातायात सुगम रहे और हादसों से बचा जा सके। लेकिन इस समय ग्वालियर नगर निगम और संबंधित प्रशासन के सुस्त रवैये के कारण यही काम आम जनता के लिए राहत की जगह आफत बन गया है।

ऐसा ही कुछ नजारा इस समय शहर के कई प्रमुख मार्गों पर देखने को मिल रहा है। प्रशासन द्वारा सड़कों के किनारे से पेड़ तो काट दिए गए, लेकिन लापरवाही की



हद देखिए कि उन्हें वहां से हटाने की बजाय बीच सड़क और किनारों पर ही लावारिस छोड़ दिया गया है।

**स्थानीय निवासियों में आक्रोश**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन काम तो शुरू कर देता है, लेकिन उसे पूरा करने में कछुआ चाल अपनाता है। पेड़ों को काटकर तुरंत न हटाना सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ है। लोगों ने मांग की है कि इन कटे हुए पेड़ों को सड़कों से तुरंत हटाया जाए ताकि यातायात बहाल हो सके।

**राहगीर और वाहन चालक बेहाल**

सड़क पर बिखरी पड़ी भारी-भरकम टहनियों और लकड़ियों के कारण रास्ते संकरे हो गए हैं। इससे न केवल पैदल चलने वाले राहगीर, बल्कि दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक भी बेहद परेशान हो रहे हैं। व्यस्त समय (पीक ऑवर्स) में इन कटे हुए पेड़ों की वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है और रात के अंधेरे में इनसे टकराकर दुर्घटना होने का अंदेशा भी बढ़ गया है।

**इनका कहना है-**



यह लापरवाही अब रोजाना की आफत बन चुकी है। दिन के समय तो जैसे-तैसे बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात के वक्त इन कटे हुए पेड़ों की वजह से बड़ा हादसा हो सकता है। स्ट्रीट लाइट कई जगह बंद रहती है, ऐसे में बीच सड़क पर पड़ी ये भारी टहनियां किसी मौत के कुएं से कम नहीं हैं। पेड़ काटना सही है, लेकिन उन्हें तुरंत वहां से हटाना भी तो प्रशासन की ही जिम्मेदारी है।

**अमित पचौरी**



सड़कों के किनारे पेड़ काटने का काम कछुआ गति से चल रहा है। नगर निगम और संबंधित विभाग काम शुरू तो कर देते हैं, लेकिन उसे पूरा करना भूल जाते हैं। मुख्य मार्गों पर कटी हुई लकड़ियां और मलबा छोड़ देने से पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ और सड़क का किनारा पूरी तरह ब्लॉक हो गया है। अधिकारियों को इस सुस्त रवैये को छोड़कर तुरंत सफाई करवानी चाहिए।

**संजय गोस्वामी**

### पंडित दीनदयाल के प्रतिमा स्थल पर आयोजित हुआ 'वंदे मातरम' कार्यक्रम

**ग्वालियर 8 जून.** दीनदयाल नगर, ग्वालियर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा स्थल पर डॉ कुलदीप चतुर्वेदी द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने तथा विगत 5 वर्षों से अधिक समय से निरंतर संचालित 'चरैवेति-चरैवेति' पुष्पांजलि कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम् गायन का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन सिंह भदोरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके उद्बोधन ने उपस्थित नागरिकों में राष्ट्रसेवा, सामाजिक समर्पण एवं जनजागरण के संकल्प को दृढ़ किया।

# कॉम्बिंग गश्त के दौरान 270 वारंटी गिरफ्तार, 297 अपराधियों की चेकिंग

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जून.** जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए ग्वालियर पुलिस ने बीती रात शहर और देहात के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ 'कॉम्बिंग गश्त' चलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में खुद एसएसपी सहित तमाम आला अधिकारी और भारी पुलिस बल रातभर सड़कों पर मुस्तैद रहा। इस महा-अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलताएं हाथ लगीं।



270 वारंटी गिरफ्तार: पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 126 स्थाई और 144 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा।

रिकॉर्ड खंगालने के साथ-साथ 154 गुंडों और 143 हिस्ट्रीशीटरों (कुल 297) के ठिकानों पर जाकर उनकी चेकिंग की गई और सख्त चेतावनी दी गई।

चेकिंग के दौरान मोहना और बिजौली थाने में अवैध शराब के मामले दर्ज किए गए, जबकि महाराजपुरा और करहिया पुलिस ने अवैध हथियार जब्त कर केस दर्ज किए।

### गिरवाई क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**ग्वालियर 8 जून.** गिरवाई थाना क्षेत्र के बजरंगगढ़ की पुलिया सिकंदर कंपू निवासी आरती खटीक की आज सोमवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका आरती खटीक उम्र 32 साल का अपने पति नवीन खटीक पुत्र महेंद्र खटीक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिससे महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर जांच शुरू कर दी है।






# जिले में भी 12 से 18 जून तक लगेंगे जनकल्याण शिविर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जून.** जिले में विकासखंड स्तर व नगरीय निकायों में 12 से 18 जून तक आयोजित होने जा रहे 'जनकल्याण शिविरों' को सभी जिला स्तरीय अधिकारी गंभीरता से लें। इन शिविरों में पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही सरकार



की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभान्वित कराएं। इस आशय के निर्देश प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में दिए।

प्रभारी कलेक्टर सत्यम ने कहा कि जनकल्याण शिविरों में सीएम हैल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरण, राजस्व मामले और मौके पर प्राप्त जन शिकायतों का निराकरण भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिविरों में आवेदन का निराकरण पूरी गंभीरता से करें। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की मॉनीटरिंग सीएम हैल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से की जायेगी।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में पारदर्शिता के साथ खाद वितरण के लिये सरकार द्वारा लागू की गई ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, सीएम हैल्पलाइन, स्वामित्व योजना, ग्रामीण क्षेत्र की नल-जल योजनाओं के लिये सुचारू विद्युत आपूर्ति की भी समीक्षा की गई।


